CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

$\therefore$ ज्या ४५° $= \pm \frac{१}{\sqrt{२}}$ = कोज्या ४५°

यहां ऋणमान अनुपपन्न अर्थात् अप्रसिद्ध है इस लिये उसे तज देना

३०° की और ६०° की ज्या और कोटिज्या का आनयन

यहां ज्या २ अ = कोज्या अ

और ज्या २ अ = २ ज्या अ . कोज्या अ

$\therefore$ २ ज्या अ . कोज्या अ = कोज्या अ

$\therefore$ ज्या अ $= \frac{१}{२}$, वा ज्या ३०° $= \frac{१}{२}$ = कोज्या ६०°

और कोज्या ३०° $= \sqrt{१ - \text{ज्या}^२ ३०°} = \sqrt{१ - \frac{१}{४}} = \frac{\sqrt{३}}{२}$

= ज्या ६०°

(३) १८° की और ७२° की ज्या और कोटिज्या का आनयन

जो अ = १८° तो ज्या २ अ = कोज्या ३ अ

अब ज्या २ अ = २ ज्या अ. कोज्या अ। कोज्या ३ अ = कोज्या अ —
४ ज्या^{२} अ. कोज्या अ,

$\therefore$ २ ज्या अ. कोज्या अ = कोज्या अ — ४ ज्या^{२} अ कोज्या अ

वा २ ज्या अ = १ — ४ ज्या^{२} अ $\therefore$ ४ ज्या^{२} अ + २ ज्या अ = १

$\therefore$ वर्गसमीकरण की विधि करके सिद्ध हुआ

$$\text{ज्या अ} = \frac{\pm \sqrt{५} - १}{४}$$

इसमें ऋणमान तज देना

$\therefore$ ज्या १८° $= \frac{\sqrt{५} - १}{४}$ = कोज्या ७२°

इसी लिये कोज्या १८° $= \sqrt{१ - \text{ज्या}^२ १८°} = \sqrt{१ - \left(\frac{\sqrt{५} - १}{४}\right)^२}$

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosh

$$= \sqrt{१ - \frac{६ - २\sqrt{५}}{१६}} = \sqrt{\frac{१० + २\sqrt{५}}{१६}} = \frac{\sqrt{१० + २\sqrt{५}}}{४}$$

= ज्या ७२°

(४) ३६° अंश की और ५४° की ज्या औ कोटिज्या का आनयन।

जो अ = १८° तो ज्या २ अ = २ ज्याअ. कोज्याअ

$$\therefore ज्या\ ३६° = २\left(\frac{\sqrt{५} - १}{४}\right)\left(\frac{\sqrt{१० + २\sqrt{५}}}{४}\right) = \frac{\sqrt{१० - २\sqrt{५}}}{४}$$

= कोज्याअ

$$इसी\ लिये\ कोज्या\ ३६° = \sqrt{१ - ज्या^{२}\ ३६°} = \sqrt{१ - \frac{१० - २\sqrt{५}}{१६}}$$

$$= \sqrt{\frac{६ + २\sqrt{५}}{१६}} = \frac{\sqrt{५} + १}{४} = ज्या\ ५४°$$

(५) ३०° अंश की और १८° की अर्द्धांशज्या औ कोटिज्या का आनयन करते हैं ॥

यहां (२५)वें प्रक्रम के दो समीकरणों का उपयोग पड़ता है

$$ज्याअ = \frac{१}{२}\left\{\sqrt{१ + ज्या\ २\ अ} - \sqrt{१ - ज्या\ २\ अ}\right\}$$

$$कोज्याअ = \frac{१}{२}\left\{\sqrt{१ + ज्या\ २\ अ} + \sqrt{१ - ज्या\ २\ अ}\right\}$$

इस में यदि २ अ = ३०° इसी लिये ज्या २ अ = $\frac{१}{२}$

$$तब\ ज्या\ १५° = \frac{१}{२}\left\{\sqrt{१ + \frac{१}{२}} - \sqrt{१ - \frac{१}{२}}\right\} =$$

$$\frac{१}{२}\left(\sqrt{\frac{३}{२}} - \sqrt{\frac{१}{२}}\right) = \frac{\sqrt{३} - १}{२\sqrt{२}} = कोज्या\ ७५°$$

$$कोज्या\ १५° = \frac{१}{२}\left\{\sqrt{१ + \frac{१}{२}} + \sqrt{१ - \frac{१}{२}}\right\}$$

$$= \frac{१}{२}\left\{\sqrt{\frac{३}{२}} + \sqrt{\frac{१}{२}}\right\} = \frac{\sqrt{३} + १}{२\sqrt{२}} = ज्या\ ७५°$$

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ऐसा ही ज्या ९° = $\frac{\sqrt{५}+१}{४\sqrt{२}} - \frac{\sqrt{५-\sqrt{५}}}{४}$ = कोज्या ८१°

कोज्या ९° = $\frac{\sqrt{५}+१}{\sqrt{२}} + \frac{\sqrt{५-\sqrt{५}}}{४}$ = ज्या ८१°

(६) ३° अंशों की ज्या औ कोटिज्या का आनयन

१८° अंशों की औ १५° अंशों की ज्या औ कोटिज्या को ज्ञात करके उन पर से ३° अंशों की ज्या औ कोटिज्या का साधन करते हैं ॥

ज्या ३° = ज्या (१८° — १५°) = ज्या १८° कोज्या १५° — कोज्या १८° × ज्या १५°

कोज्या ३° = कोज्या (१८° — १५°) = कोज्या १८° कोज्या १५° × ज्या १८° ज्या १५°

इन दो समीकरणों से सुख से उक्त अंशों की ज्या औ कोटिज्या जान पड़ती हैं ।

(७) यों तीन छ नव आदि लेके नब्बे अंश तक प्रत्येक खण्ड की ज्या औ कोटिज्या को सिद्ध करके बालबोध के लिये लिखके दिखलाते हैं

ज्या ३° = $\frac{\sqrt{३}+१}{८\sqrt{२}}(\sqrt{५}-१) - \frac{\sqrt{३}-१}{८}\sqrt{५+\sqrt{५}}$

= कोज्या ८७°

ज्या ६° = $-\frac{१}{८}(\sqrt{५}+१) + \frac{\sqrt{३}}{४\sqrt{२}}\sqrt{५-\sqrt{५}}$

= कोज्या ८४°

ज्या ९° = $\frac{१}{४\sqrt{२}}(\sqrt{५}+१) - \frac{१}{४}\sqrt{५-\sqrt{५}}$

कोज्या ८१°

ज्या १२° = $-\frac{\sqrt{३}}{८}(\sqrt{५}-१) + \frac{१}{४\sqrt{२}}\sqrt{५+\sqrt{५}}$

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosh

$$= \text{कोज्या } ७८^\circ$$

$$\text{ज्या } १५^\circ = \frac{१}{२\sqrt{२}}(\sqrt{३} - १) = \text{कोज्या } ७५^\circ$$

$$\text{ज्या } १८^\circ = \frac{१}{४}(\sqrt{५} - १) = \text{कोज्या } ७२^\circ$$

$$\text{ज्या } २१^\circ = -\frac{\sqrt{३} - १}{८\sqrt{२}}(\sqrt{५} + १) + \frac{\sqrt{३} + १}{८} \times \sqrt{५ - \sqrt{५}} = \text{कोज्या } ६१^\circ$$

$$\text{ज्या } २४^\circ = \frac{\sqrt{३}}{८}(\sqrt{५} + १) - \frac{१}{४\sqrt{२}}\sqrt{५ - \sqrt{५}} = \text{कोज्या } ६६^\circ$$

$$\text{ज्या } २७^\circ = -\frac{१}{४\sqrt{२}}(\sqrt{५} - १) + \frac{१}{४} \times \sqrt{५ + \sqrt{५}} = \text{कोज्या } ६३^\circ$$

$$\text{ज्या } ३०^\circ = \frac{१}{२} = \text{कोज्या } ६०^\circ$$

$$\text{ज्या } ३३^\circ = \frac{\sqrt{३} + १}{८\sqrt{२}}(\sqrt{५} - १) + \frac{\sqrt{३}\ १}{८} \times \sqrt{५ + \sqrt{५}} = \text{कोज्या } ५७^\circ$$

$$\text{ज्या } ३६^\circ = \frac{१}{२\sqrt{२}}\sqrt{५ - \sqrt{५}} = \text{कोज्या } ५४^\circ$$

$$\text{ज्या } ३९^\circ = \frac{\sqrt{३} + १}{८\sqrt{२}}(\sqrt{५} + १) - \frac{\sqrt{३} - १}{८}\sqrt{५ - \sqrt{५}} = \text{कोज्या } ५१^\circ$$

$$\text{ज्या } ४२^\circ = -\frac{१}{८}(\sqrt{५} - १) + \frac{\sqrt{३}}{४\sqrt{२}}\sqrt{५ + \sqrt{५}} = \text{कोज्या } ४८^\circ$$

$$\text{ज्या } ४५^\circ = \frac{१}{\sqrt{२}} = \text{कोज्या } ४५^\circ$$

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

$$\text{ज्या } ४८^\circ = \frac{\sqrt{३}}{८}(\sqrt{५}-१) + \frac{१}{४\sqrt{२}}\sqrt{५+\sqrt{५}}$$

$$= \text{कोज्या } ४२$$

$$\text{ज्या } ५१^\circ = \frac{\sqrt{३}-१}{८\sqrt{२}}(\sqrt{५}+१) + \frac{\sqrt{३}+१}{८}\sqrt{५-\sqrt{५}}$$

$$= \text{कोज्या } ३९^\circ$$

$$\text{ज्या } ५४^\circ = \frac{१}{४}(\sqrt{५}+१) \qquad = \text{कोज्या } ३६^\circ$$

$$\text{ज्या } ५७^\circ = -\frac{\sqrt{३}-१}{८\sqrt{२}}(\sqrt{५}-१) + \frac{\sqrt{३}+१}{८}\sqrt{५+\sqrt{५}}$$

$$= \text{कोज्या } ३३^\circ$$

$$\text{ज्या } ६०^\circ = \frac{\sqrt{३}}{२} \qquad = \text{कोज्या } ३०^\circ$$

$$\text{ज्या } ६३^\circ = \frac{१}{४\sqrt{२}}(\sqrt{५}-१) + \frac{१}{४}\sqrt{५+\sqrt{५}}$$

$$= \text{कोज्या } २७^\circ$$

$$\text{ज्या } ६६^\circ = \frac{१}{८}(\sqrt{५}+१) + \frac{\sqrt{३}}{४\sqrt{२}}\sqrt{५-\sqrt{५}}$$

$$= \text{कोज्या } २४^\circ$$

$$\text{ज्या } ६९^\circ = \frac{\sqrt{३}+१}{८\sqrt{२}}(\sqrt{५}+१) + \frac{\sqrt{३}-१}{८}\sqrt{५-\sqrt{५}}$$

$$= \text{कोज्या } २१^\circ$$

$$\text{ज्या } ७२^\circ = \frac{१}{२\sqrt{२}}\left(\sqrt{५+\sqrt{५}}\right) \qquad = \text{कोज्या } १८^\circ$$

$$\text{ज्या } ७५^\circ = \frac{१}{२\sqrt{२}}(\sqrt{३}+१) \qquad = \text{कोज्या } १५^\circ$$

$$\text{ज्या } ७८^\circ = \frac{१}{८}(\sqrt{५}-१) + \frac{\sqrt{३}}{४\sqrt{२}}\sqrt{५+\sqrt{५}} = \text{कोज्या } १२^\circ$$

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ज्या ८१° $= \frac{१}{४\sqrt{२}}(\sqrt{५}+१) + \frac{१}{४}\sqrt{५-\sqrt{५}}$ = कोज्या ९°

ज्या ८४° $= \frac{\sqrt{३}}{८}(\sqrt{५}+१) + \frac{१}{४\sqrt{२}}\sqrt{५-\sqrt{५}}$ = कोज्या ६°

ज्या ८७° $= \frac{\sqrt{३}-१}{८\sqrt{२}}(\sqrt{५}-१) + \frac{१}{४\sqrt{२}}\sqrt{५+\sqrt{५}}$

= कोज्या ३°

ज्या ९०° = १ = कोज्या ०"

(२९) अब कोणीय ज्यादि की सारणी बनाने का प्रकार ॥

(१) उस में पहिले एक कला की ज्या औ कोटिज्या का आनयन करते हैं ॥

ज्याअ $= \frac{१}{२}\left\{\sqrt{१+\text{ज्या }२\text{ अ}} - \sqrt{१-\text{ज्या }२\text{ अ}}\right\}$ इस में

यदि २ अ = १५° इसी लिये ज्या २ अ $= \frac{\sqrt{३}-१}{२\sqrt{२}}$

= .२५८८१९० ४५१०२ इ०

तो ज्या $\frac{१५°}{२}$ = .१३०५२६१९२२२० इ० = $\text{ज}_१$

और जो $\text{ज}_१$ इस का २ अ के स्थान में उत्थापन करें

तो ज्या $\frac{१५°}{२^२}$ = .०६५४०३१२८२३० इ० = $\text{ज}_२$

यों बेर २ अर्द्धांशों की ज्या ली जावे तो आगे

ज्या $\frac{१५°}{२^९}$ = .०००५११३२६९०१ इ० = $\text{ज}_९$

औ $\frac{\text{ज्या }१५°}{२^{१०}}$ = .०००२५५६६३४५० इ० = $\text{ज}_{१०}$ यों उत्पन्न होती है। यहां $\text{ज}_{१०}$ यह $\text{ज}_९$. इस के आधे के समान होता है ॥

यह स्पष्ट देख पड़ता है ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इस से यह जान पड़ता है कि सूक्ष्म दो कोणों में पहिले से दूसरा जितना गुणा हो पहिले की ज्या से दूसरे की ज्या भी उतनी ही गुणी होती है ॥

इस लिये $\frac{१५ \times ६०}{२^{१०}} : \frac{१५^\circ}{२^{१०}} :: १' : \text{ज्या}\, १'$

$\therefore \text{ज्या}\, १' = \text{ज्या}\, \frac{१५^\circ}{२^{१०}} \times \frac{२^{१०}}{१५ \times ६०} = .०००२५५६६३४५७\ \text{इ०} \times \frac{२५६}{२२५}$

$= .०००२९०८८८१९२\ \text{इ०}$

और $\because \text{कोज्या}\,\text{अ} = \sqrt{१ - \text{ज्या}^२\,\text{अ}}$

$\therefore \text{कोज्या}\, १' = \sqrt{१ - (.०२९०८८८१९२\ \text{इ०})^२}$

$= .९९९९९९९५७६९२\ \text{इ०}$

दो तीन आदि लेके कला और अंशों की ज्या औ कोटिज्या का आनयन करते हैं ॥

जिस लिये $\text{ज्या}\,(\text{अ} + \text{क}) = २\, \text{ज्या}\,\text{अ} \,.\, \text{कोज्या}\,\text{क} - \text{ज्या}\,(\text{अ} - \text{क})$

$= २\, \text{ज्या}\,\text{अ} \left\{ १ - २\, \text{ज्या}^२ \frac{१}{२}\text{क} \right\} - \text{ज्या}\,(\text{अ} - \text{क})$

$= २\, \text{ज्या}\,\text{अ} - \text{ज्या}\,(\text{अ} - \text{क}) - ४\, \text{ज्या}\,\text{अ} .\, \text{ज्या}^२ \frac{१}{२}\text{क}$

इस लिये जो यहां (क) के स्थान में १′ और (अ) के स्थान में १′, २′, ३′, इत्यादि हों ॥ तो

$\text{ज्या}\, २' = \text{ज्या}\, १' + (\text{ज्या}\, १' - \text{ज्या}\, ०) - ४\, \text{ज्या}\, १' \times \text{ज्या}^२\, ३०''$

$\text{ज्या}\, ३' = \text{ज्या}\, २' + (\text{ज्या}\, २' - \text{ज्या}\, १') - ४\, \text{ज्या}\, २' \times \text{ज्या}^२\, ३०''$

$\text{ज्या}\, ४' = \text{ज्या}\, ३' + (\text{ज्या}\, ३' - \text{ज्या}\, २') - ४\, \text{ज्या}\, ३' \times \text{ज्या}^२\, ३०''$

इत्यादि होती हैं ॥

यहां एक कला की ज्या जानने पर ४ ज्या^{२} ३०″ इस का मान सहज से ज्ञात होगा तब पहिली युक्ति से दो तीन आदि कलाओं की ज्या जानना सुलभ है ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इसी युक्ति से एक अंश औ तीस कलाओं की ज्या जानके दो तीन आदि अंशों की ज्याओं को सुख से जान सकेंगे ॥

इसी प्रकार से जब कि कोज्या (अ + क) = २ कोज्याअ. कोज्याक — कोज्या (अ—क)

$$= २ कोज्याअ (१—२ ज्या^{२} \frac{१}{२} क) — कोज्या (अ—क)$$

$$= २ कोज्याअ—कोज्या (अ—क)—४ कोज्याअ. ज्या^{२} \frac{१}{२} क$$

इस लिये जो यहां क = १′ और अ = एक दो तीन आदि कला हों तो

कोज्या २′ = कोज्या १′ — (कोज्या० — कोज्या १′) — ४ कोज्या१′ × ज्या^{२} ३०″

कोज्या ३′ = कोज्या २′ — (कोज्या १′ — कोज्या २′) — ४ कोज्या २′ × ज्या^{२} ३०″

कोज्या ४′ = कोज्या ३′ — (कोज्या २′ — कोज्या ३′) — ४ कोज्या ३′ × ज्या^{२} ३०″ इ०

इस से भी ४ ज्या^{२} ३०″ इस का मान जानके दो तीन आदि कलाओं की कोटिज्याओं को जानना सुलभ है ॥

यों एक अंश की कोटिज्या औ तीस कलाओं की ज्या जानने से दो तीन आदि अंशों की भी कोटिज्या जानना सुलभ है ॥

(३) दो तीन आदि अंशों की ज्या औ कोटिज्या का आनयन प्रकारान्तर से दिखलाते हैं ॥

पहिले ज्या २ अ = २ ज्याअ . कोज्याअ औ कोज्या २ अ = २ कोज्या^{२} अ—१ } इन दोनों पर से दो अंश की ज्या औ कोटिज्या जानने के

अनन्तर ज्या (अ + क) = $\frac{(कोज्याअ + ज्याक)(कोज्याअ — ज्याक)}{कोज्या (अ — क)}$

औ कोज्या (अ + क) = $\frac{(कोज्याअ + ज्याक)(कोज्याअ — ज्याक)}{कोज्या (अ — क)}$

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इन दोनों पर से तीन चार आदि अंशों की ज्या औ कोटिज्या जानना सुलभ है ॥ सो ऐसा

$$\text{ज्या } ३^\circ = \frac{(\text{ज्या } २^\circ + \text{ज्या } १^\circ)(\text{ज्या } २^\circ - \text{ज्या } १^\circ)}{\text{ज्या } १^\circ}$$

$$\text{ज्या } ४^\circ = \frac{(\text{ज्या } ३^\circ + \text{ज्या } १^\circ)(\text{ज्या } ३^\circ - \text{ज्या } १^\circ)}{\text{ज्या } २^\circ} \quad \text{इत्यादि}$$

$$\text{कोज्या } ३^\circ = \frac{(\text{कोज्या } २^\circ + \text{ज्या } १^\circ)(\text{कोज्या } २^\circ - \text{ज्या } १^\circ)}{\text{क ज्या } १^\circ}$$

$$\text{कोज्या } ४^\circ = \frac{(\text{कोज्या } ३^\circ + \text{ज्या } १^\circ)(\text{कोज्या } ३^\circ - \text{ज्या } १^\circ)}{\text{कोज्या } २^\circ} \quad \text{इत्यादि}$$

इसी युक्ति से एक दो तीन आदि अंशों में क्रम से एक दो तीन आदि कलाओं को जोड़के उन जुड़े हुए पदों की ज्या औ कोटिज्या जानना, सुलभ है ॥ जैसा

$$\text{ज्या } (१^\circ, १') = \frac{(\text{ज्या } १^\circ + \text{ज्या } १')(\text{ज्या } १^\circ - \text{ज्या } १')}{\text{ज्या } ५९'}$$

$$\text{ज्या } (१^\circ, २') = \frac{(\text{ज्या } १^\circ + \text{ज्या } २')(\text{ज्या } १^\circ - \text{ज्या } २')}{\text{ज्या } ५८'} \quad \text{इत्यादि}$$

$$\text{कोज्या } (१^\circ, १) = \frac{(\text{कोज्या } १^\circ + \text{ज्य } १')(\text{कोज्या } १^\circ - \text{ज्या } १')}{\text{कोज्या } ५९'}$$

$$\text{कोज्या } (१^\circ, २') = \frac{(\text{कोज्या } १^\circ + \text{ज्या } २')(\text{कोज्या } १^\circ - \text{ज्या } २')}{\text{कोज्या } ५८'}$$

(४) यों इस बड़ी विधि से एक से लेके तीस अंश तक सभों की ज्या औ कोटिज्या सिद्ध करके आगे

$$\text{ज्या } (\text{अ} + \text{क}) = २ \text{ ज्या अ} \,.\, \text{कोज्या क} - \text{ज्या } (\text{अ} - \text{क})$$

$$\text{कोज्या } (\text{अ} + \text{क}) = \text{कोज्या } (\text{अ} - \text{क}) - २ \text{ ज्या अ} \,.\, \text{कोज्या क}$$

इन दोनों के आश्रय से ज्या औ कोटिज्याओं को सुख से जान लेना जैसा जो अ = ३०° औ क = एक दो तीन आदि कला हों तो

२ ज्या अ = १

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

∴ ज्या (३०° । १′) = कोज्या १′ — ज्या २९° । ५९′

ज्या (३०° । २′) = कोज्या २° — ज्या २९° । ५८′ इत्यादि

कोज्या (३०° । १′) = कोज्या २९° । ५९′ — ज्या १′

कोज्या (३०° । २′) = कोज्या २९° । ५८′ — ज्या २′ इत्यादि

यों यहां केवल अन्तर करने से ज्या औ कोटिज्या का ज्ञान होता है ॥

(५) यों पैंतालीस अंश तक सब अंशों की ज्या और कोटिज्याओं को सिद्ध करना । तब

जिस लिये ज्या (४५° + अ) = कोज्या (४५° — अ)

कोज्या (४५° + अ) = ज्या (४५° — अ)

इस लिये जो ही ४५° तक सब अंशों की ज्या औ कोटिज्या होती है सो ही उलट के पैंतालीस अंश से ले अधिक नब्बे अंश तक सब अंशों की कोटिज्या औ ज्या होती हैं ॥

यों सम्पूर्ण नब्बे अंशों की ज्या औ कोटिज्या जानने से उन की सारणी बनाना सुलभ है ॥

(६) जिस लिये ज्या (९०° + अ) = + कोज्याअ । औ कोज्या (९०° + अ) = — ज्याअ और

ज्या (१८०° + अ) = — ज्याअ । औ कोज्या (१८०° + अ) = — कोज्याअ

ज्या (२७०° + अ) = — कोज्याअ । औ कोज्या (२७० + अ) = + ज्याअ

इस लिये एक दो आदि ले नब्बे अंश तक ज्या औ कोटिज्याओं की सारणी पर से नब्बे से अधिक अंशों की ज्या औ कोटिज्या जानना सुलभ है ॥

(७) अब स्पर्शरेखा औ कोटिस्पर्श रेखाओं की सारणी बनाना

$$\text{स्पअ} = \frac{\text{ज्याअ}}{\text{कोज्याअ}} \text{ । और कोस्पअ} = \frac{\text{कोज्याअ}}{\text{ज्याअ}}$$

इन दोनों के आधार से सुलभ है ॥

(८) यों छेदनरेखा औ कोटिच्छेदनरेखाओं की और उत्क्रम ज्या कोत्क्रमज्याओं की सारणी बनाना ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

छेअ = $\frac{१}{\text{कोज्याअ}}$ । कोछेअ = $\frac{१}{\text{ज्याअ}}$ । उअ = ज्याअ और

कोउअ = १ — ज्याअ

इन चारों उत्पत्तिओं पर से सुलभ है ॥

यों कोणीय ज्या आदि की सारणी बनाने का प्रकार दिखाया ॥

(३०) पहिले सिद्ध किये हुए ज्या आदिओं के गुणन औ भजन की अपेक्षा से उन ज्या आदिओं के घातप्रमापकसम्बन्धी गुणन औ भजन आदि में बहुत ही अल्प श्रम पड़ेगा । परन्तु जो कोणीय ज्या आदि हैं वे बहुत करके एक से न्यून होते हैं इस लिये उनके घातप्रमापक ऋण होंगे इस कारण जो कोणीय ज्या आदि हों उन को $१०^{१०}$ इस व्यासार्द्ध सम्बन्धी करके घातप्रमापक गणित में लाघव होने के लिये सारणी में लिखते हैं ॥

॥ अध्याय ३ ॥

इस अध्याय में त्रिभुज चतुर्भुज वृत्त के बाहर लगे हुए समान औ सीधे बहुभुज क्षेत्र और वृत्त इन सभों के कितने एक गुण कहे हैं ॥

(३१) त्रिभुज में तीन भुज औ उतने ही कोण मिलके छ अवयव होते हैं यह पहिले कहा है उस में तीनों कोण क्रम से आ । का औ गा । इन तीन वर्णों से दिखलाते हैं और उन के सामने के कोण क्रम से अ । क औ ग इन अक्षरों से जताते हैं ॥

(३२) हर एक त्रिभुज में हर एक भुज से उस के सामने के कोण की ज्या समान गुण होती है अर्थात् आगा की जैसी ज्याका वैसी आका की ज्यागा और का गा की ज्याआ । यों ज्या अपने २ भुज के प्रमाण में रहती है ॥

मानो कि आ का गा त्रिभुज के आ । का । गा कोण हैं और अ । क ।

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ग। उन के सामने के भुज हैं। उस में गा कोण से (आ का) भुज पर गा घा लम्ब करो ॥

तब $ज्या आ = \frac{गाघा}{आगा}$ । $ज्या का = (ज्या गा. का घा द्वि० चे द०) = \frac{गाघा}{कागा}$

$$\therefore \frac{ज्या आ}{ज्या का} = \frac{कागा}{आगा} = \frac{अ}{क}$$

$$\therefore ज्या आ : ज्या का = अ : क$$

अथवा $अ : ज्या आ = क : ज्या का$

$ग : ज्या आ = क : ज्या गा$

$क : ज्या का = ग : ज्या गा$

(३३) अनुमान। जिस लिये $अ : क = ज्या आ : ज्या का$ इस लिये $अ + क : अ — क = ज्या आ + ज्या का : ज्या आ — ज्या का$

$= २ ज्या \frac{१}{२} (आ + का)$ कोज्या $\frac{१}{२}$ (आ — का) : २ कोज्या $\frac{१}{२}$ (आ + का) ×

$ज्या \frac{१}{२} (आ — का) = \frac{ज्या \frac{१}{२} (आ + का)}{कोज्या \frac{१}{२} (आ + का)} : \frac{ज्या \frac{१}{२} (आ - का)}{कोज्या \frac{१}{२} (आ - का)}$

$= स्प \frac{१}{२} (आ + का) : स्प \frac{१}{२} (आ — का)$

इस का अर्थ यह है कि जो दो भुजों के योग को उन का अन्तर लभ्य हो तो उन भुजों के सामने के दो कोणों के योगार्द्ध की स्पर्शरेखा को उन के अन्तरार्द्ध की स्पर्श रेखा लभ्य होगी ॥

३४ जो गा समकोण हो ॥ तो

$$ज्या आ = \frac{कागा}{आका} = \frac{अ}{ग}$$

$$कोज्या आ = \frac{आगा}{आका} = \frac{क}{ग}$$

$$स्प आ = \frac{कागा}{आगा} = \frac{अ}{क}$$

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

(१)



(२)





CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

$$\text{ज्याका} = \frac{\text{आगा}}{\text{आका}} = \frac{\text{क}}{\text{ग}}$$

$$\text{कोज्याका} = \frac{\text{कागा}}{\text{आका}} = \frac{\text{अ}}{\text{ग}}$$

$$\text{स्पका} = \frac{\text{आगा}}{\text{कागा}} = \frac{\text{क}}{\text{अ}}$$

३५ त्रिकोण में भुजों पर से चाहो उस कोण की कोटिज्या ले आने की युक्ति दिखलाते हैं ॥

३२वें प्रक्रम में लिखे हुए दो क्षेत्रों को देखो ।

जो का कोण लघु हो तो

$$\text{आगा}^2 = \text{आका}^2 + \text{कागा}^2 - 2\,\text{आका} \cdot \text{काघा}$$

और जब कि का बड़ा हो तो

$$\text{आगा}^2 = \text{आका}^2 + \text{कागा}^2 + 2\,\text{आका} \cdot \text{काघा}$$

ये दो समीकरण रेखागणित के दूसरे अध्याय के बारहवें और तेरहवें क्षेत्र से सिद्ध होते हैं ॥

परन्तु जब का लघु है तब तो

$$\frac{\text{काघा}}{\text{कागा}} = \text{कोज्याका}$$

$$\therefore \text{काघा} = \text{कागा} \cdot \text{कोज्याका}$$

और जब कि का बड़ा है तब

$$\frac{\text{काघा}}{\text{कागा}} = \text{कोज्यागा} \cdot \text{काघा} = -\,\text{कोज्याका}$$

$$\therefore \text{काघा} = -\,\text{कागा} \cdot \text{कोज्याका}$$

उत्थापन से दोनों स्थान में समान ही सिद्ध भया ।

$$\therefore \text{क}^2 = \text{ग}^2 + \text{अ}^2 - 2\,\text{अग} \cdot \text{कोज्याका}$$

$$\therefore \text{कोज्याका} = \frac{\text{अ}^2 + \text{ग}^2 - \text{क}^2}{2\,\text{अग}}$$

और $\therefore \text{कोज्याआ} = \dfrac{\text{क}^2 + \text{ग}^2 - \text{अ}^2}{2\,\text{कग}}$ । और कोज्यागा =

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

$\frac{अ^{२} + क^{२} - ग^{२}}{}$

२६ त्रिभुज में भुजों पर से चाहो उस कोण की ज्या लेआने की युक्ति दिखलाते हैं ॥

यहां $ज्या^{२}अ = १ - कोज्या^{२}अ = (१ + कोज्याअ)(१ - कोज्याअ)$

परन्तु $१ + कोज्याअ = १ + \frac{क^{२} + ग^{२} - अ^{२}}{२ कग} =$

$$\frac{२ कग + क^{२} + ग^{२} - अ^{२}}{२ कग}$$

$$= \frac{(क^{२} + २ कग + ग^{२}) - अ^{२}}{२ कग} = \frac{(क + ग)^{२} - अ^{२}}{२ कग} =$$

$$\frac{(क + ग + अ)(क + ग - अ)}{२ कग}$$

वैसाही $१ - कोज्याअ = १ - \frac{क^{२} + ग^{२} - अ^{२}}{२ कग} =$

$$\frac{२ कग - क^{२} - ग^{२} + अ^{२}}{२ कग}$$

$$= \frac{अ^{२} - (क^{२} - २ कग + ग^{२}}{२ कग} = \frac{अ^{२} - (क - ग)^{२}}{२ कग}$$

$$= \frac{(अ + क - ग)(अ - क + ग)}{२ कग}$$

और जो $२ स = अ + क + ग$ मान लेवें तो

$$२ (स - अ) = अ + क + ग - २ अ = क + ग - अ$$

$$२ (स - क) = अ + क + ग - २ क = अ + ग - क$$

$$२ (स - क) = अ + क + ग - २ ग = अ + क - ग$$

$$\therefore १ + कोज्याअ = \frac{२ स \times २ (स - अ)}{२ कग} = \frac{२ स (स - अ)}{कग}$$

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ऐसा ही $१ - कोज्या आ = \frac{२ (स - क) \times २ (स - ग)}{२ कग} = \frac{२ (स - क) (स - ग)}{कग}$

इसीलिये $ज्या^{२} आ = \frac{४}{क^{२} ग^{२}} स (स - अ) (स - क) (स - ग)$

$\therefore ज्या आ = \frac{२}{क ग} \sqrt{स (स - अ) (स - क) (स - ग)}$

यहां ज्या का मान ऋण नहीं हो सकता क्योंकि त्रिभुज का कोई एक कोण दो समकोण से न्यून ही होती है और उस की ज्या धन ही होती है ॥

इसी प्रकार से $ज्या का = \frac{२}{अ ग} \sqrt{स (स - अ) (स - क) (स - ग)}$

और $ज्या गा = \frac{२}{अ क} \sqrt{स (स - अ) (स - क) (स - ग)}$

३७ त्रिकोण में केवल भुजों को जान के चाहो उस कोण की ज्या कोटिज्या और स्पर्शरेखाओं के अर्द्धों के मान दिखलाते हैं ॥

जिस लिये $२ ज्या^{२} \frac{१}{२} आ = १ - कोज्या आ = \frac{२ (स - क) (स - ग)}{कग}$

$\therefore ज्या \frac{१}{२} आ = \sqrt{\frac{(स - क) (स - ग)}{क ग}}$

यों $\because २ कोज्या^{२} \frac{१}{२} आ = १ + कोज्या आ = \frac{२ स (स - अ)}{क ग}$

$\therefore कोज्या \frac{१}{२} आ = \sqrt{\frac{स (स - अ)}{क ग}}$

इसी लिये $स्प \frac{१}{२} आ = \frac{ज्या \frac{१}{२} आ}{कोज्या \frac{१}{२} आ} = \sqrt{\frac{(स - क) (स - ग)}{स (स - अ)}}$

यहां भी धन ही जानना

$\therefore ज्या \frac{१}{२} का = \sqrt{\frac{(स - अ) (स - ग)}{अग}}$;

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

$$\text{और ज्या}\ \frac{१}{२}\ \text{गा} = \sqrt{\frac{(\text{स}-\text{अ})\ (\text{स}-\text{क})}{\text{अक}}}$$

$$\text{कोज्या}\ \frac{१}{२}\ \text{का} = \sqrt{\frac{\text{स}\ (\text{स}-\text{क})}{\text{अग}}} : \text{कोज्या}\ \frac{१}{२}\ \text{गा} = \sqrt{\frac{\text{स}\ (\text{स}-\text{ग})}{\text{अक}}}$$

$$\text{स्प}\ \frac{१}{२}\ \text{का} = \sqrt{\frac{(\text{स}-\text{अ})\ (\text{स}-\text{ग})}{\text{स}\ (\text{स}-\text{क})}} : \text{स्प}\ \frac{१}{२}\ \text{गा} = \sqrt{\frac{(\text{स}-\text{अ})\ (\text{स}-\text{क})}{\text{स}\ (\text{स}-\text{ग})}}$$

२८ त्रिकोण में तीन भुजों पर से क्षेत्रफल निकालने की रीति दिखलाते हैं ॥

भूमि के आधे को लम्ब से गुण उस का आधा करने से जो बनता है वह क्षेत्रफल होता है ॥

$$\therefore\ \text{आकागा त्रिकोण का फल} = \frac{१}{२}\ \text{आका} \times \text{गाघा}$$

$$= \frac{१}{२}\ \text{आका} \times \text{आगा} \times \frac{\text{गाघा}}{\text{आगा}}$$

$$= \frac{१}{२}\ \text{आका} \times \text{आगा} \times \text{ज्याआ} = \frac{\text{कग}}{२} \cdot \frac{२}{\text{कग}} \times$$

$$\sqrt{\text{स}\ (\text{स}-\text{अ})\ (\text{स}-\text{क})\ (\text{स}-\text{क})}$$

$$= \sqrt{\text{स}\ (\text{स}-\text{अ})\ \text{स}-\text{क})\ (\text{स}-\text{ग}}$$

इसी लिये आर्य भट्ट ने लिखा है कि

सर्व भुजैक्यं दलितं चतुःस्थितं बाहुभिः क्रमाद्रहितम् ॥
तद्घातपदं त्रिभुजे क्षेत्रे स्पष्टं फलं भवति ॥

इस का अर्थ। त्रिभुजक्षेत्र में सब भुजों के योग के आधे को चार स्थान में रखके उन में क्रम से उन भुजों को घटा के उन शेष बचे हुए भुजों के गुणनफल का मूल लेना सो क्षेत्रफल होता है ॥

२९ त्रिभुज का फल $= \frac{१}{२}$ आका × आगा × ज्याआ यह पिछले प्रक्रम में सिद्ध हुआ है इस लिये त्रिभुज में दो भुजों के गुणनफल के

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha





CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आधे को उन भुजों के बीच में जो कोण उत्पन्न हो उससे गुण देने से क्षेत्रफल बनता है ॥

४० अनु० १ त्रिकोण में पूर्वोक्त प्रकारों से लम्ब और आबाधा आदि को जानना सुलभ है ॥

जैसा जिस लिये कि कोज्याअ $\left(= \frac{\text{आघा}}{\text{क}}\right) = \frac{\text{क}^2 + \text{ग}^2 - \text{अ}^2}{२ \text{ कग}}$

$$\therefore \text{ आघा} = \frac{\text{क}^2 + \text{ग}^2 - \text{अ}^2}{२ \text{ ग}}$$

और $\because$ कोज्याका $\left(= \pm \frac{\text{काघा}}{\text{अ}}\right) = \frac{\text{अ}^2 + \text{ग}^2 - \text{क}^2}{२ \text{ अग}}$

$$\therefore \text{ काघा} = \pm \frac{\text{अ}^2 + \text{ग}^2 - \text{क}^2}{२ \text{ ग}}$$

यहां त्रिभुज के भीतर वा बाहर लम्ब गिरने के अनुसार दूसरी आबाधा का धनत्व वा ऋणत्व जान लेना ॥

$$\left\{\begin{array}{l} \text{यों ही } \therefore \text{ ज्याअ} \left(= \frac{\text{गाघा}}{\text{क}}\right) = \frac{२}{\text{कग}} \sqrt{\text{स}(\text{स}-\text{अ})(\text{स}-\text{क})(\text{स}-\text{ग})} \\ \therefore \text{ गाघा} = \frac{२}{\text{ग}} \sqrt{\text{स}(\text{स}-\text{अ})(\text{स}-\text{क})(\text{स}-\text{ग})} \end{array}\right.$$

४१ त्रिकोण के भुजों से उस त्रिकोण के भीतर वा बाहर लगे हुए वृत्तों के व्यासार्द्ध का मान ले आने का प्रकार दिखलाते हैं ॥

(१) उस में पहिले त्रिभुज के भीतर तीनों भुजों से लगे हुए वृत्त का व्यासार्द्ध ले आते हैं ॥

जैसा जो (आकागा) त्रिकोण के भीतर लगे हुए वृत्त का केन्द्र (के) मान लें ॥ तो

के अ = के क = के ग = व्यसार्द्ध (व)

और फ = △ अ के का + △ का के गा + △ अ के गा

$$= \frac{१}{२} \text{ गव} + \frac{१}{२} \text{ अव} + \frac{१}{२} \text{ क व} = \frac{\text{अ} + \text{क} + \text{ग}}{२} \text{ व} = \text{सव}$$

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

$$\therefore \text{व} = \frac{\text{फ}}{\text{स}} = \frac{\sqrt{\text{स (स—अ) (स—क) (स—ग)}}}{\text{स}}$$

(२) त्रिकोण के बाहर लगे हुए वृत्त का व्यासार्द्ध ले आने की रीति दिखलाते हैं ॥

जो (आकागा) त्रिभुज के बाहर लगे हुए वृत्त का केन्द्र (के) मान लेवें ॥ तो

$$\text{केआ} = \text{केका} = \text{केग व्यासार्द्ध (वा)}$$

और समान भूमि में केन्द्र औ परिधि से लगे हुए दो कोणों में पहिला अर्थात केन्द्र में लगा हुआ दूसरे से अर्थात परिधि में लगे हुए से दूना होता है इस लिये (३७ वे प्रक्रम से) ॥

$\text{फ} = \frac{१}{२} \text{अक} \cdot \text{ज्या} \frac{१}{२} \text{आकेका}$ यों सिद्ध होता है ।

$$\text{परन्तु ज्या} \frac{१}{२} \text{आकेका} = \frac{\frac{१}{२}\text{आका}}{\text{आके}} = \frac{\text{ग}}{२ \text{ वा}}$$

$$\therefore \text{फ} = \frac{\text{अकग}}{४ \text{ वा}} \quad \therefore \text{वा} = \frac{\text{अकग}}{४ \text{ फ}} = \frac{\text{अकग}}{\sqrt{\text{स (स—अ) (स—क) (स—ग)}}}$$

इस पर से यह जान पड़ता है कि त्रिभुज में किसी कोण की ज्या उस कोण के सामनेवाले भुज में त्रिभुज के बाहर लगे हुए वृत्त के व्यास से भाग लेने से जो भजनफल आता है उस के समान होती है ॥

४२ अनुमान । जो (आकागा) त्रिभुज में (गा) कोण से (आका) भूमि पर लम्ब (ल) करें ॥ तो

$\text{फ} = \frac{१}{२} \text{गल}$ । और भी पिछले प्रक्रम से सिद्ध हुआ है कि $\text{फ} = \frac{\text{अकग}}{४ \text{ वा}}$

$$\therefore \frac{१}{२} \text{गल} = \frac{\text{अकग}}{४ \text{ वा}} \quad \therefore \text{वा} = \frac{\text{अक}}{२ \text{ ल}}$$

इसी लिये श्री बापूदेव जी ने एक क्रोड़ ग्रन्थ ऐसा बनाया है कि जो सिद्धान्त के अनेक विषयों से भरा हुआ है उस में लिखा है ॥ कि

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

॥ त्रिबाहुकबहिर्लग्नवृत्तव्यासदलं किल ॥
॥ भुजयोराहतेः खण्डाल्लम्बाप्तेनसमं भवेत् ॥

इस श्लोक का अर्थ यह है कि त्रिकोण के बाहर लगे हुए वृत्त के व्यास का आधा शेष दो भुजों के गुणनफल में दूने लम्ब से भाग लेने से जो लब्ध हो उसके समान होता है ॥

४३ अनुमान २। जिस लिये $फ = \frac{अ + क + ग}{२} \times व$

$= \frac{अकग}{४ वा} \therefore २ वा व = \frac{अकग}{अ + क + ग}$

इस से यह जान पड़ता है कि त्रिभुज में तीन भुजों के गुणनफल में उन तीनों के योग से भाग लेने से जो बनता है सो उस त्रिभुज के भीतर और बाहर लगे हुए दो वृत्तों के व्यासार्द्धों के दूने गुणनफल के समान होता है ॥

४४ किसी वृत्त के भीतर चतुर्भुज क्षेत्र हो उस के भुजों से उसके कोण कर्ण और फल आदिओं को लेआने का प्रकार दिखलाते हैं ॥

यहां आका = अ । कागा = क । और गाघा = ग घाआ = घ काघा = च और आगा = छ ॥

(१) तो (३५वें प्रक्रम से) $कोज्याआ = \frac{अ^२ + घ^२ — च^२}{२ अघ}$

$कोज्यागा = \frac{क^२ + ग^२ — च^२}{२ कग}$

$\therefore च^२ = अ^२ + घ^२ - २ अघ. कोज्याआ = क^२ + ग^२ - २ कग. कोज्यागा$

परन्तु क्षेत्रमिती के तीसरे अध्याय की इक्कीसवीं प्रतिज्ञा से

$कोज्याआ = कोज्या (१८०° — ग) = — कोज्यागा$

$\therefore अ^२ + घ^२ — २ अघ . कोज्याआ = क^२ + ग^२ + २ कग. कोज्याआ$

$\therefore कोज्याआ = \frac{अ^२ + घ^२ — क^२ — ग^२}{२ (अघ + गघ)} = — कोज्यागा$

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इसी प्रकार से कोज्याका $= \frac{\text{अ}^2 + \text{क}^2 - \text{ग}^2 - \text{घ}^2}{२ (\text{अक} + \text{गघ})} = -$ कोज्याघा

(२) इस लिये (३६वें) प्रक्रम में कही हुई युक्ति से सिद्ध हुआ कि

ज्या आ $= \frac{२}{\text{अघ} + \text{कग}} \sqrt{(\text{स}-\text{अ})(\text{स}-\text{क})(\text{स}-\text{ग})(\text{स}-\text{घ})}$

इस समीकरण में स $= \frac{\text{अ} + \text{क} + \text{ग} + \text{घ}}{२}$ यह जान लेना

(३) यों ही (३७वें) प्रक्रम में कही हुई युक्ति से सिद्ध हुआ कि

$$\text{ज्या } \frac{१}{२} \text{ आ} = \sqrt{\frac{(\text{स}-\text{अ})(\text{स}-\text{घ})}{\text{अघ} + \text{कग}}} = \text{कोज्या } \frac{१}{२} \text{ गा}$$

$$\text{कोज्या } \frac{१}{२} \text{ आ} = \sqrt{\frac{(\text{स}-\text{क})(\text{स}-\text{ग})}{\text{अघ} + \text{कग}}} = \text{ज्या } \frac{१}{२} \text{ गा}$$

$$\text{स्प } \frac{१}{२} \text{ आ} = \sqrt{\frac{(\text{स}-\text{अ})(\text{स}-\text{घ})}{(\text{स}-\text{क})(\text{स}-\text{ग})}} = \text{कोस्प } \frac{१}{२} \text{ गा}$$

(४) अब $\because \frac{\text{अ}^2 + \text{घ}^2 - \text{च}^2}{२\,\text{अघ}} = - \frac{\text{क}^2 + \text{ग}^2 - \text{च}^2}{२\,\text{कग}}$

$$\therefore \text{च}^2 = \frac{(\text{अग} + \text{कघ})(\text{अक} + \text{गघ})}{\text{अघ} + \text{कग}}$$

$$\text{और छ}^2 = \frac{(\text{अग} + \text{कघ})(\text{अघ} + \text{कग})}{\text{अक} + \text{गघ}}$$

इस से ॥ कर्णाश्रितभुजघातैक्यमुभयथाऽन्योन्यभाजितं गुणयेत् ॥

॥ योगेन भुजप्रतिभुजवधयोः कर्णौ पदे विषमे ॥

यह प्रकार श्री ब्रह्मगुप्ताचार्य जी ने कहा है सो वृत्त के भीतर जो विषमचतुर्भुज होते हैं उन पर लगता है। ऐसा जान पड़ता है ॥

(५) इसी लिये चछ = अग + कघ और $\frac{\text{च}}{\text{छ}} = \frac{\text{अक} + \text{गघ}}{\text{अघ} + \text{कग}}$

इसी लिये श्री वापूदेव जी के बनाये हुए क्रोड़ ग्रंथ में लिखा है कि

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

॥ वृत्तान्तस्थचतुर्बाहुक्षेत्रे श्रवणयोर्हतिः ॥
॥ भुजप्रतिभुजाहत्योः समासेन समा भवेत् ॥

(६) आकागाघा चतुर्भुज का फल = △ अकाघा + △ कागाघा = $\frac{१}{२}$ अघ. ज्याआ + $\frac{१}{२}$ कग. ज्याआ = $\frac{१}{२}$ (अघ + कग) ज्याआ

= $\sqrt{(स-अ)(स-क)(स-ग)(स-घ)}$ इस पर से यह सिद्ध होता है कि,

भुजसमासदलं हि चतुः स्थितं निजभुजैः क्रमशः पृथगूनितम् ॥ अथ परस्परमेव समाहतं क्षतिपदं चिचतुर्भुजयोःफलम् ॥

यह प्रकार श्रीपती जी ने अपने ग्रंथ में लिखा है सो वृत्त के भीतर जो चतुर्भुज बनेंगे उन पर लगता है ऐसा जान पड़ता है ॥

(७) जो (आकाघा) त्रिभुज से लगे हुए वृत्त का व्यासार्ध (वा) मानलें

तो (४१वें प्रक्रम से) वा = $\frac{अघच}{४ \triangle आकाघा}$

परन्तु △ आकाघा = $\frac{१}{२}$ अघ . ज्याआ

$$\therefore वा = \frac{अघच}{२ अघ.ज्याआ} = \frac{च}{२ ज्याआ} = \frac{च}{२ ज्यागा}$$

$$ऐसा ही वा = \frac{छ}{२ ज्याका} = \frac{छ}{२ ज्याघा}$$

$$अब \because ज्याआ = \frac{२}{अघ + कग}\sqrt{(स-अ)(स-क)(स-ग)(स-घ)}$$

$$\therefore वा \left(= \frac{च}{२ ज्याआ}\right) = \frac{च (अघ + कघ)}{४\sqrt{(स-अ)(स-क)(स-ग)(स-घ)}}$$

$$= \frac{१}{४}\sqrt{\frac{(अक + गघ)(अग + कग)(अघ + कग)}{(स-अ)(स-क)(स-ग)(स-घ)}}$$

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इस से यह जान पड़ता है कि विषमचतुर्भुज मात्र को वृत्त के भीतर बना सकते हैं। और भुजों का क्रम बदलने से भी क्षेत्रफल में विकार नहीं होता किन्तु कोण आदिओं में होता है, और जो यहां घ = ० मान लें तो कोण आदिओं के मान वे आते हैं जो कि पहिले सिद्ध किए हुए त्रिभुज के कोण आदिओं के मानों से अभिन्न सिद्ध होते हैं ॥

(४५) विषमचतुर्भुज मात्र के आपस में दो संमुख कोण से लगे हुए भुजों पर से क्षेत्रफल ले आने की रीति दिखलाते हैं ॥

पहिले प्रक्रम में लिखे हुए क्षेत्र को देखो

अब यहां क्षेत्रफल का द्योतक फ मानलें

तो $\text{फ} = \frac{१}{२}(\text{अघ.ज्याअ} + \text{कग.ज्याका})$

परन्तु $\text{कोज्याअ} = \frac{\text{अ}^{२} + \text{घ}^{२} - \text{च}^{२}}{\text{२ अघ}}$ और $\text{कोज्यागा} = \frac{\text{क}^{२} + \text{ग}^{२} - \text{च}^{२}}{\text{२ कग}}$

$$\therefore\ १ + \text{कोज्याअ} = \frac{(\text{अ} + \text{घ})^{२} - \text{च}^{२}}{\text{२ अघ}} \qquad (१)$$

$$\text{और } १ - \text{कोज्याअ} = \frac{\text{च}^{२} - (\text{अ} - \text{घ})^{२}}{\text{२ अघ}} \qquad (२)$$

$$\text{ऐसा ही } १ + \text{कोज्यागा} = \frac{(\text{क} + \text{ग})^{२} - \text{च}^{२}}{\text{२ कग}} \qquad (३)$$

$$\text{और } १ - \text{कोज्यागा} = \frac{\text{च}^{२} - (\text{क} - \text{ग})^{२}}{\text{२ कग}} \qquad (४)$$

अब (१) पहिले और (४) चौथे समीकरण से दो पक्ष सिद्ध होते हैं ॥ जैसा

$$(\text{अ} + \text{घ})^{२} - (\text{क} - \text{ग})^{२} = \text{२ अघ}\,(१ + \text{कोज्याअ}) + \text{२ कग}\,(१ - \text{कोज्यागा})$$

$$\text{वा } (\text{स} - \text{क})(\text{स} - \text{ग}) = \text{अघ}.\frac{१ + \text{कोज्याअ}}{२} + \text{कग}.\frac{१ - \text{कोज्यागा}}{२}$$

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

$$= \text{अघ. कोज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{आ} + \text{कग. ज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{गा} \quad (\text{५})$$

ऐसा ही (२) और (३) ऐसे दो पक्ष सिद्ध होते हैं ॥ जैसा

$$(\text{स}—\text{अ})(\text{स}—\text{घ}) = \text{अघ. ज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{आ} + \text{कग. कोज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{गा} \quad (\text{६})$$

अब (५) वे और (६) वे को आपस में गुण देने से गुणनफल सिद्ध हुआ ॥ जैसे

$$(\text{स}—\text{अ})(\text{स}—\text{क})(\text{स}—\text{ग})(\text{स}—\text{घ}) = \text{अ}^{\text{२}}\text{घ}^{\text{२}}\text{. ज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{आ.कोज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{आ}$$

$$+ \text{क}^{\text{२}}\text{ग}^{\text{२}}\text{. ज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{गा. कोज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{गा} + \text{अकगघ.ज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{आ. ज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{गा}$$

$$= (\text{अघ.ज्या} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{आकोज्या} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{आ.} + \text{कग.ज्या} \frac{\text{२}}{\text{१}} \text{गा.कोज्या} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{गा})$$

$$+ \text{अकगघ} (\text{कोज्या} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{आ.कोज्या} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{गा} - \text{ज्या} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{आ.ज्या} \frac{\text{१}}{\text{२}} \text{गा})^{\text{२}}$$

$$= \frac{\text{१}}{\text{४}} (\text{अघ.ज्याआ} + \text{कग . ज्यागा})^{\text{२}} + \text{अकगघ. कोज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} (\text{आ} + \text{गा})$$

$$= \text{फ}^{\text{२}} + \text{अकगघ . कोज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} (\text{आ} + \text{गा})$$

$$\therefore \text{फ} = \sqrt{(\text{स}-\text{अ})(\text{स}-\text{क})(\text{स}-\text{ग})(\text{स}-\text{घ}) - \text{अकगघ.कोज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} (\text{आ}+\text{गा})}$$

और जिस लिये $\text{आ} + \text{का} + \text{गा} + \text{घा} = \text{३६०}^\circ \therefore \frac{\text{१}}{\text{२}} (\text{आ} + \text{गा}) = \text{१८०}^\circ - \frac{\text{१}}{\text{२}} (\text{का} + \text{घा})$

और भी $\therefore \text{कोज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} (\text{आ}+\text{गा}) = \text{कोज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} (\text{का} + \text{घा})$

इस लिये यह फल दो सन्मुख कोणों में से किसी एक कोण से लगे हुए चार भुजों पर से सिद्ध हुआ ॥

अब जो $\text{आ} + \text{गा} = \text{का} + \text{घा} = \text{१८०}^\circ$

तो $\text{कोज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} (\text{आ}+\text{गा}) = \text{कोज्या}^{\text{२}} \frac{\text{१}}{\text{२}} (\text{का} + \text{घा}) = \text{०}$

इस लिये यहां $\text{फ} = \sqrt{(\text{स}—\text{अ})(\text{स}—\text{क})(\text{स}—\text{ग})(\text{स}—\text{घ})}$

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यह पहिले सिद्ध किये हुए वृत्त के भीतर चतुर्भुज के मान से अभिन्न सिद्ध हुआ ॥

४६ वृत्त के भीतर रहने हारे समान औ सरल बक्र भुज क्षेत्र अर्थात जिस में भुज वक्रत हैं ऐसे क्षेत्र का परिधि और फल ले आने की युक्ति का कार दिखलाते हैं ॥

यहां (क) वृत्त का केन्द्र है और उस के भीतर ऐसा एक वक्र भुज क्षेत्र है जिस के भुजों की संख्या (न) हो उस क्षेत्र का एक भुज अग है और (व) वृत्त का व्यासार्ध है तब कअ और कग मिलाके अग रेखा पर कब लम्ब करो ॥

तब $< \text{अकग} = \frac{३६०^\circ}{\text{न}}$

और बक्रभुज क्षेत्र का परिधि $= \text{न. अग}$

$= २ \text{ न. अब}$

$= २ \text{ न. अक. ज्याअकब}$

$= २ \text{ नव ज्या } \frac{१८०^\circ}{\text{न}}$

और भी बक्रभुज क्षेत्र का परिधि $= \text{न. अकग क्षेत्र}$

$= \text{न. } \frac{\text{अग. कव}}{२}$

$= \text{न} \times \text{अक. ज्याअकव} \times \text{अक. कोज्याअकब}$

$= \text{नव}^{२} \text{. ज्या } \frac{१८०^\circ}{\text{न}} \text{ कोज्या } \frac{१८०^\circ}{\text{न}}$

इस से जान पड़ता है कि जो दो सरल समबक्रभुज क्षेत्र सजातीय हों अर्थात जिन के भुजों की संख्या समान हो उन में पहिले क्षेत्र का परिधि उस के बाहर लगे हुए वृत्त के व्यासार्धं से जितने गुण होगा उतने ही गुण दूसरे क्षेत्र का परिधि उस के बाहर लगे हुए वृत्त के व्यासार्ध से होगा ॥

और पहिले क्षेत्र का फल उस के बाहर लगे हुए वृत्त के व्यासार्धं

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha





CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

के वर्ग से जितने गुण हो उतने ही गुण दूसरे क्षेत्र का फल उसके बाहर लगे हुए वृत्त के व्यासार्ध के वर्ग से होता है ॥

४७ वृत्त के बाहर लगे हुए सीधे और समान बहुभुज क्षेत्र का परिधि और फल ले आने की रीति दिखलाते हैं ॥

यहां अग बाहर लगे हुए (न) संख्या के समान ऋजुभुज क्षेत्र का भुज है सो परिधि में (व) स्थान में लगा है। इस लिये बाहर लगे हुए बहुभुज क्षेत्र का परिधि = न × अग

= २ न . अव

= २ न. कव. स्पअकव

$$= २ नव. स्प \frac{१८०^\circ}{न}$$

और क्षेत्रफल = न. अकग, क्षेत्रफल

$$= न \times \frac{अग . कव}{२}$$

= न . कव . स्पअकव × कव

$$= न . व^{२} . स्प \frac{१८०^\circ}{न}$$

इस पर से यह जाना जाता है कि जिन समान ऋजु भुज क्षेत्रों की भुज संख्या समान हो उन में उन २ क्षेत्रों का परिधि उन २ क्षेत्रों के भीतर लगे हुए वृत्त के व्यासार्ध से समान गुण होता है और उन २ क्षेत्रों का फल उन २ क्षेत्रों के भीतर लगे हुए वृत्त के व्यासार्ध के वर्ग से समानगुण होता है ॥

४८ जिस वृत्त का व्यासार्ध व हो उस के भीतर और बाहर लगे हुए समान ऋजु (न) संख्या के बहुभुज क्षेत्रों के परिधि क्रम से (प) और (पा) हों और फल (फ) और (फा) हों

$$तब \frac{प}{पा} = \frac{२ नव . ज्या \frac{१८०^\circ}{न}}{२ नव . स्प \frac{१८०^\circ}{न}} = कोज्या \frac{१८०^\circ}{न}$$

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

श्रीर $\frac{फ}{फा} = \frac{नव^{२}\ ज्या\ \frac{१८०^{\circ}}{न}\ .\ कोज्या\ \frac{१८०^{\circ}}{न}}{नव^{२}.\ स्प\ \frac{१८०^{\circ}}{न}} = कोज्या^{२}\ \frac{१८०^{\circ}}{न}$

यहां जो न = ∞ हो तो

$$\frac{प}{पा} = कोज्या\ \frac{१८०^{\circ}}{\infty} = कोज्या\ ०^{\circ} = १$$

वैसा ही $\frac{फ}{फा} = कोज्या^{२}\ \frac{१८०^{\circ}}{\infty} = कोज्या^{२}\ ०^{\circ} = १$

∴ प = पा श्रीर फ = फा होगा

इसी लिये वृत्त के भीतर वा बाहर लगे ऊए बक्रभुज क्षेत्रों की संख्या ज्यों २ अधिक हो त्यों २ वे हर एक क्षेत्र उस वृत्त क्षेत्र के समीप होंगे श्रीर जब भुज की संख्या अनन्त हो तो वे दो क्षेत्र सर्वांशों से आपस में मिलेंगे। इस लिये वृत्त बक्रभुज क्षेत्र होने के योग्य है जिस में कि भुज संख्या अनन्त है। इस से यह जान पड़ता है कि हर एक वृत्त का परिधि अपने २ व्यासार्ध से समान गुण होता है श्रीर हर एक वृत्त का क्षेत्रफल अपने २ व्यासार्ध के वर्ग से समान गुण होता है॥

४८ अब वृत्तक्षेत्र का परिधि श्रीर फल लेश्राने की रीति दिखलाते हैं ॥

(१) यहां वृत्त के भीतर का बक्रभुजक्षेत्र परिधि = २ नव. ज्या $\frac{१८०^{\circ}}{न}$

अब जैसी २ न संख्या अधिक होगी वैसा २ यह परिधि वृत्त के परिधि के बऊत ही पास २ होगा इस लिये पहिले (ज्या $\frac{१८०^{\circ}}{न}$) इस का ऐसा मान सिद्ध करना जिस में (न) संख्या बड़ी हो। सो ऐसा श्रीर ∵ (२४) वे प्रक्रम में लिखे ऊए (फा) से

$$कोज्या\ \frac{अ}{२} = \frac{१}{\sqrt{२}} \sqrt{१ + कोज्या\ अ}$$

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

$$\therefore \text{ कोज्या } \frac{९०^\circ}{२} = \frac{१}{\sqrt{२}}$$

$$\text{कोज्या } \frac{९०^\circ}{२^२} = \frac{१}{\sqrt{२}}\sqrt{१ + \frac{१}{\sqrt{२}}}$$

$$\text{कोज्या } \frac{९०^\circ}{२^३} = \frac{१}{\sqrt{२}}\sqrt{१ + \sqrt{१ + \frac{१}{\sqrt{२}}}}$$

यों ही आगे भी जान लेना

इसी रीति से कोज्या $\frac{९०^\circ}{२^प}$ इस का ऐसा मान ले आ सकते हैं कि जिस में (प) संख्या बड़ी हो ॥

और जो न = $२^प$ मान लें

तो $\text{ज्या } \frac{१८०^\circ}{न} = २ \text{ कोज्या } \frac{९०^\circ}{२^प} \text{ ज्या } \frac{९०^\circ}{२^प}$

$= २ \text{ कोज्या } \frac{९०^\circ}{२^प} \sqrt{१ - \text{कोज्या}^२ \frac{९०^\circ}{२^प}}$ पास २ होगा

यों सिद्ध किये हुए ज्या $\frac{१८०^\circ}{न}$ इस के मान को (न) संख्या से गुण देने पर ॥

३.१४ १५ ९२ ६५ इत्यादि होता है यह ϖ इस चिन्ह से जताया जावे

तब वृत्त का परिधि = २ ϖव

(२) पिछले प्रक्रम में जनाये हुए (प), (फ) अक्षरों के मान क्रम से ॥

२ नव . ज्या $\frac{१८०^\circ}{न}$ । नव^२. ज्या $\frac{१८०^\circ}{न}$ कोज्या $\frac{१८०^\circ}{न}$ ये हैं

$$\frac{फ}{प} = \frac{नव^२.\text{ज्या } \frac{१८०^\circ}{न} \text{ कोज्या } \frac{१८०^\circ}{न}}{२ \text{ नव. ज्या } \frac{१८०^\circ}{न}} = \frac{१}{२} \text{ व. कोज्या } \frac{१८०^\circ}{न}$$

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अब वृत्त रूप बहुभुजक्षेत्र में न = ∞

इस लिये कोज्या $\frac{१८०^\circ}{न}$ = कोज्या ०° = १

और पहिले सिद्ध हुआ है कि प = २ ϖव ∴ फ = ϖव^{२}

(३) यों अकब वृत्त खंड का भी फल झटपट जान पड़ता है (पास लिखे हुए क्षेत्र को देखो) यहां अब चाप की लम्बाई = अ और व्यासार्ध = व हो तो क्षेत्रमिती के छठवें अध्याय की तैंतीसवीं प्रतिज्ञा से यों सिद्ध होता है कि

अकब वृत्त खंड : अगचव ⊙ : : अ : २ ϖव

$$\therefore \quad \text{अकब वृत्त खंड} = \frac{\text{अ}}{\text{२ ϖव}} \times \text{अगϖच} \odot$$

$$= \frac{\text{अ}}{\text{२ ϖव}} \times \text{ϖव}^{२} = \frac{१}{२} \text{ अव}$$

(४) अब चाप की बस ज्या और अन स्पर्शरेखा है। अब जो अब रेखा करें तो अकब वृत्त खंड अकब त्रिभुज से बडा होगा और अकन त्रिभुज से छोटा होगा ॥

$$\therefore \frac{१}{२} \text{अक} \cdot \text{अव} > \frac{१}{२} \text{अक} \cdot \text{बस} < \frac{१}{२} \text{अक} \cdot \text{अन}$$

$$\therefore \quad \text{अव} > \text{बस} < \text{अन}$$

इस लिये अकब लघु कोण के सामने का अब चाप अपनी ज्या से बड़ा होगा और स्पर्शरेखा से छोटा होगा उसी को लिख के दिखलाते हैं ॥

$$\text{अ} > \text{ज्याअ} < \text{स्पअ}$$

और जो अ = ० हो तो

$$\frac{\text{ज्याअ}}{\text{स्पअ}} = \frac{\text{कोज्याअ}}{\text{व}} = \frac{\text{कोज्या } ०^\circ}{\text{व}} = \frac{\text{व}}{\text{व}} = १$$

इस पर से यह अनुमान करते हैं कि अत्यन्त छोटे चाप की ज्या और स्पर्शरेखा आपस में समान ही होती हैं और इसी लिये वे हर एक अपने चाप के समान होते हैं ॥

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

$$\frac{\text{ज्याअ}}{\text{अ}} = \frac{\text{स्पअ}}{\text{अ}} = १$$

५० एक त्रिज्या में जो चाप के ज्या आदि होते हैं वेही उस चाप के कोण के भी होते हैं (यह १४ वें प्रक्रम में देखो) वहां जो चाप की लम्बाई का मान होता है वहां उस चाप सम्बन्धी कोण का भी मान होता है और वह उस कोण का चापीय मान कहाता है। जो त्रिकोणमिती का गणित बीजगणित से सिद्ध करते हैं उस में कोण का चापीय मान ही लेते हैं ॥

अब जो (व) व्यासार्ध में (२ ϖव) यह पहिले सिद्ध हुआ परिधि लब्ध हो तो एक व्यासार्ध में क्या होगा इस त्रैराशिक से लब्ध हुआ इच्छाफल (२ ϖ) यह एक व्यासार्ध में परिधि की लम्बाई होती है ॥

इस लिये ϖ = ३. १४१५९२६५ इत्यादि एक व्यासार्ध में अर्धपरिधि का मान दो समकोण का चापीय मान होता है ॥

और जिस कोण का चापीय मान एक हो उस कोण का $\frac{१८०^\circ}{३.१४१५९ इ.}$ = ५७°. २९५७ इ० = ५७° । १७′ । ४४″ . ६ इत्यादि अंशादि मान होता है। और इस निर्दिष्ट कोण के अंशादि मान पर से उस कोण सम्बन्धी चाप की लंबाई जानना सुलभ है ॥

॥ अध्याय ४ ॥

इस अध्याय में त्रिभुज का गणित और वंश आदिओं की लम्बाई और ऊंचाई जानने के उदाहरण लिखे हैं ॥

॥ त्रिभुजगणित ॥

५१ त्रिभुज के अवयवों में से कोई तीन अवयव ज्ञात हों तो उन पर से और अवयव को जानने के लिये जो गणित करते हैं उसे त्रिभुज गणित कहते हैं। इस में जो केवल तीन कोणही ज्ञात होवें तो उन से और अवयवों के मान नियत नहीं होते इस लिये वहां त्रिभुजगणित नहीं लगता ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

॥ जात्यत्रिभुज का गणित ॥

५२ जात्यत्रिभुज में एक कोण समकोण होता है इस लिये एक अवयव तो ज्ञात ही रहता है और दो कोण को छोड़ दूसरे दो अवयवों पर से और अवयव (३४ वें प्रक्रम से ज्ञात हो सकते हैं। जैसा

पहिला प्रकार। मानों कि (अ) भुज ज्ञात है और उस के सामने का (आ) कोण ज्ञात है तब

$$\left\{\begin{array}{l} \because \text{आ} + \text{का} = \text{गा} = ९०^\circ \\ \therefore \text{का} = ९०^\circ - \text{आ यों (का) कोण ज्ञात तोता है।} \end{array}\right.$$

$$\left.\begin{array}{l} \text{और भी } \because \text{स्पआ} = \dfrac{\text{अ}}{\text{क}} \quad \therefore \text{क} = \dfrac{\text{अ}}{\text{स्पआ}} \\ \text{वैसा} \quad \text{ज्याआ} = \dfrac{\text{अ}}{\text{ग}} \quad \therefore \text{ग} = \dfrac{\text{अ}}{\text{ज्याआ}} \end{array}\right\}$$

. यहां (स्पआ) और (ज्याआ) इन दोनों को इष्टव्यासार्ध (त्रि) सम्बन्धी करने से (क) और (ग) इन दो भुजों के मान ये सिद्ध होते हैं

$$\text{क} = \dfrac{\text{अ}}{\dfrac{\text{स्पआ}}{\text{त्रि}}} = \dfrac{\text{त्रिअ}}{\text{स्पआ}} \text{। ग} = \dfrac{\text{अ}}{\dfrac{\text{ज्याआ}}{\text{त्रि}}} = \dfrac{\text{त्रिअ}}{\text{ज्याआ}}$$

यहां त्रिज्या $१०^{१०}$ इतनी मानते हैं और उस का दशमूल घातप्रमापक १० हैं इस लिये (क) के मान का घातप्रमापक = $\text{घा}_\text{द}$* क = १० + $\text{घा}_\text{द}$ अ — $\text{घा}_\text{द}$ स्पआ।

यों (ग) के मान का घात प्रमापक रूप देने की रीति जान लो यों औ दो भुज भी ज्ञात हो सकत हैं

---

* $\text{घा}_\text{द}$ यह चिन्ह दश मूल घातप्रमापक का द्योतक है

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उदा० अ = १२०। आ = ४५°। १४′। २३″ तो और अवयवों को कहो

यहां का = ९०° — ४५°। १४′। २३″ = ४४°। ४५′। ३७″

और $घा_{द}$ क = १० + $घा_{द}$ अ — $घा_{द}$ स्पआ

= १० + २.०७९१८१२ — १०.००३६३४२

$\begin{cases} +१२.०७९१८१२ \\ -१०.००३६३४२ \end{cases}$

= २.०७५५४७० = $घा_{द}$ ११९ ∴ क = ११९

